संपादकीय

# धरातल पर उतरे आंकड़े

प्राइवेट सेक्टर निवेश नहीं बढ़ रहा है और कुल मिला कर पूंजी निर्माण की दर जहां की तहां बनी हुई है, तो यही मानना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है। इस सच को इसी रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़े जब जारी हुए और उसमें भारत की वृद्धि दर साढ़े 13 प्रतिशत दिखाई गई, तब भी अनेक जानकारों ने आगाह किया था कि इस पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। ये आंकड़े पिछले वर्ष यानी 2021 के उन तीन महीनों की तुलना में थे, जब देश ने कोरोना महामारी की भीषण दूसरी लहर झेली थी। अब दूसरी तिमाही के आंकड़े सामने आए हैं, तो कठोर हकीकत सामने है। इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक मैनुफैक्चरिंग और खनन में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। कृषि क्षेत्र में तकरीबन साढ़े चार प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है, लेकिन पर कुछ विशेषज्ञों ने तुरंत सवाल उठाए हैं। वजह यह है कि खुद भारत सरकार इस वर्ष कई प्रमुख फसलों का उत्पादन गिरने का अंदाजा जता चुकी है। महंगे चारे और लंपी महामारी के दुष्प्रभाव से पशुपालन क्षेत्र भी मुश्किल में बताया जाता है। लागत की महंगाई ने डेयरी क्षेत्र को परेशान कर रखा है। ऐसे में इतनी स्वस्थ वृद्धि दर कैसे हासिल हुई, इस पर कयास लगाए जा रहे हैं। तो कुल मिला कर भारतीय अर्थव्यवस्था का एकमात्र सहारा सेवा क्षेत्र में है, जिसमें अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। उसने सकल आर्थिक वृद्धि दर को एक हद तक संभाल लिया। लेकिन सेवा क्षेत्र के भरोसे टिके रहना किसी स्वस्थ अर्थव्यवस्था का लक्षण नहीं हो सकता। अगर प्राइवेट सेक्टर निवेश नहीं बढ़ रहा है और कुल मिला कर पूंजी निर्माण की दर जहां की तहां बनी हुई है, तो यही मानना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है। इस सच को स्वीकार करने के बजाय इस पर मुख्य अर्थव्यवस्था से बहुत पहले अपना नाता तोड़ चुके शेयर बाजार और वित्तीय क्षेत्र के चमकते आंकड़ों का परदा डालने की कोशिश से कुछ हासिल नहीं होगा। बेशक आज जो हालात हैं, उनके कई पहलू अंतरराष्ट्रीय हैं। लेकिन भारत के साथ विशेष स्थिति यह है कि संकट की शुरुआत वैश्विक मुश्किलों के उभरने से काफी पहले हो चुकी थी। अब ये संकट गहरा चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अभी भी सरकार कुछ चमकते आंकड़ों को ढूंढने और उनके आधार पर नैरेटिव बनाने की अपनी शैली से बाहर नहीं निकल रही है।

# नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए जिंदल स्टेनलेस ने की रिन्यू पावर के साथ भागीदारी




**नई दिल्ली ।** स्टेनलेस स्टील विनिर्माता जिंदल स्टेनलेस ने आज ओडिशा के जाजपुर में स्थित अपने संयंत्र के लिए एक यूटिलिटी-स्केल की निजी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हेतु नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस परियोजना के तहत सालाना 70 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन पवन तथा सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के मिश्रण के ज़रिये किया जाएगा। उच्च क्षमता उपयोग कारक वाले इस नवोन्मेषी पवन-सौर ऊर्जा के मिश्रित समाधान से अनुबंधित क्षमता की प्रति यूनिट ऊर्जा का उल्लेखनीय रूप से अधिक मात्र में उत्पादन होने की उम्मीद है। रिन्यू पावर इसके साथ बिज़नेस-टू-बिज़नेस (बी2बी) दायरे में अपना चौबीसों घंटे (राउंड द क्लॉक-आरटीसी) आपूर्ति का समाधान लेकर आ रही है, जिसकी शुरुआत इसने यूटिलिटी कंपनियों के लिए पिछले साल की थी। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की इस सबसे बड़ी कंपनी के साथ भागीदारी से जिंदल स्टेनलेस के लिए अपेक्षित निष्पादन संबधी निश्चितता भी आएगी जो इस स्तर की परियोजना के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस गठजोड़ के बारे में कहा, भारत के कार्बन उत्सर्जन को शून्य पर लाने के लक्ष्य के अनुरूप, जिंदल स्टेनलेस केवल ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के ज़रिये ही भावी वृद्धि की योजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह कदम हमारे संकल्प को और अधिक मज़बूत बनाता है। उम्मीद है कि रिन्यू पावर के साथ हमारी परियोजना वाणिज्यिक परिचालन मई 2024 तक शुरू होगी और इससे सालाना 6.5 लाख टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन कमी में मदद मिलेगी। अपने ईएसजी लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ते हुए हमने वित्त वर्ष 21-22 में विभिन्न पहलों के ज़रिये अपने कार्बन उत्सर्जन में 1.4 लाख टन की कमी की और हम 2050 तक कार्बन उत्सर्जन पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रिन्यू पावर के संस्थापक, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी सुमंत सिन्हा ने कहा, हमें भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास में जिंदल स्टेनलेस के साथ भागीदारी करने की खुशी है। हमारा मानना है कि इस अनूठे मॉडल से भारत के कॉर्पोरेट जगत में बिजली की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। मुझे भरोसा है कि हमारी भागीदारी से होने वाले पर्यावरणीय और वाणिज्यिक लाभ अन्य विनिर्माण कंपनियों को नवीकरणीय ऊर्जा में सक्रिय रूप से पहल करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस नवोन्मेषी पवन-सौर हाइब्रिड प्रणाली से बदलाव के लिहाज़ मुश्किल (हार्ड टू अबेट) क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाए जाने की प्रक्रिया में तेज़ी आएगी।

# गो फर्स्ट ने सऊदी अरब में ईज़मायट्रिप के साथ किया विशेष करार




**नई दिल्ली ।** विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने ऑनलाइन टेक ट्रैवेल प्लेटफॉर्म ईज़मायट्रिप के साथ एक विशेष 'जनरल सेल्स करार' किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत इसी महीने से सऊदी अरब में यात्री टिकटों और अन्य सेवाओं का प्रचार एवं मार्केटिंग की जाएगी। पश्चिमी एशिया के सबसे बड़े यात्रा बाजारों में से एक के साथ लाभकारी वाणिज्यिक सम्बंध और पकड़ बनाने के लिये ईज़मायट्रिप सऊदी अरब के दम्मम और रियाध तथा दूसरी जगहों पर एक स्वतंत्र ब्राण्डेड ऑफिस खोलकर और एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करते हुए गो फर्स्ट के परिचालन का विस्तार करेगी। यह बड़े यात्रा बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया एक प्रयास होगा।

तीन साल की यह विशेष भागीदारी वाली डील दोनों ब्राण्ड को सऊदी अरब में अपनी सेवाओं का विस्तार करने का मौका देगी। ईज़मायट्रिप और उसकी व्यापक पहुँच, मार्केटिंग की विस्तृत मध्यस्थताएं और स्थानीय लोगों के बारे में जानकारी सऊदी के पर्यटकों और लोगों को अनुकूल स्कीमें देने में गो फर्स्ट की मदद करेगी, जिससे उनका अनुभव और बेहतर होगा। इसके अलावा, यह भागीदारी आस-पास के सभी ट्रैवेल एजेंट्स के लिये उस वक्त ईज़मायट्रिप से एक पर्चेज सर्किट बनाना जरूरी करेगी, जब वे सऊदी अरब से गो फर्स्ट के टिकट खरीदेंगे।

# ईएसआईसी की अतिरिक्त निधियों को शेयर बाजारों में निवेश करने की मंजूरी

**नई दिल्ली ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपनी अतिरिक्त निधियों को घरेलू शेयर बाजारों में निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित ईएसआईसी की 189 वीं बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। यह बैठक रविवार देर शाम यहां ईएसआईसी के मुख्यालय में आयोजित की गयी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि अपेक्षाकृत कम लाभ अर्जित करने वाली निधियों से अधिक लाभ लेने और निवेश में विविधता लाने के लिए ईएसआईसी ने एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों में सीमित तरीके से शेयर बाजारों में अधिशेष निधियों के निवेश के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। प्रारंभिक निवेश पांच प्रतिशत से शुरू होगा और दो तिमाहियों की समीक्षा के बाद धीरे-धीरे 15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। ईएसआईसी का निवेश एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स यानी नेशनल स्टाक एक्सचेंज के निफ्टी 50 और बीएसई के सेंसेक्स तक सीमित रहेगा।

# फिर विवादों में एलन मस्क, इंसानी दिमाग में चिप लगाने वाली कंपनी के खिलाफ जांच शुरू

**वॉशिंगटन।** ट्विटर के मालिक और अरबपति कारोबारी एलन मस्क मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। इंसानी दिमाग में चिप लगाने का दावा करने वाली एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक के खिलाफ अमेरिका में जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिकी प्रशासन ने पशु-कल्याण कानूनों के संभावित उल्लंघन को लेकर एलन मस्क की मेडिकल डिवाइस कंपनी न्यूरालिंक के खिलाफ संघीय जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के ही कुछ कर्मचारियों ने पशु परीक्षणों के बारे में सूचना दी और शिकायत की कि न्यूरालिंक पशु परीक्षण में जल्दबाजी कर रही है, जिससे पशुओं को अनावश्यक पीड़ा और मृत्यु हो रही है।

दरअसल, न्यूरालिंक कॉर्प एक मस्तिष्क प्रत्यारोपण (ब्रेन इम्प्लांट) विकसित कर रहा है। कंपनी आने वाले दिनों में इंसानी दिमाग में चिप लगाने का ट्रायल करने वाली है, जिससे लकवाग्रस्त लोगों को फिर से चलने और अन्य न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का इलाज करने में मदद मिलेगी। न्यूरालिंक की तरफ से दावा किया गया है कि इस चिप को लगाने के बाद कई तरह के रोगियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। दिमाग में चिप लगाने के साथ ही एक चिप रीढ़ में भी लगाया जा सकता है। इसके लिए कंपनी ने जानवरों पर परीक्षण किया है और कुछ जानवरों में ब्रेन चिप इंप्लांट की है।

सूत्रों के अनुसार संघीय अभियोजक के अनुरोध पर अमेरिकी कृषि विभाग के महानिरीक्षक द्वारा हाल के महीनों में कंपनी के खिलाफ संघीय जांच शुरू की गई है। एक सूत्र ने कहा कि कंपनी के खिलाफ यह जांच पशु कल्याण अधिनियम के उल्लंघन पर केंद्रित है, जो नियंत्रित करता है कि शोधकर्ता कुछ जानवरों का इलाज और परीक्षण कैसे करते हैं। दरअसल, अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने बीते दिनों कहा था कि उनकी न्यूरालिंक कंपनी इंसानों के दिमाग में उपकरण लगाने (ब्रेन इम्प्लांट) का परीक्षण करने की जल्द ही अनुमति मांगेगी। मस्क ने कहा था कि उनकी टीम अमेरिकी नियामकों से उन्हें उपकरण का परीक्षण करने की अनुमति देने का अनुरोध करेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि कंपनी को लगभग छह महीने में परीक्षण के तहत मानव मस्तिष्क में उपकरण लगाने में सक्षम होगी।

# एनडीपीएस मामलों को निष्कर्ष तक पहुंचाने का सीतारमण का आह्वान

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों से एनडीपीएस मामलों में मुख्य संचालकों और अपराधियों/वित्तपोषकों को पकड़ने और उन्हें उनके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का आह्वान किया।

श्रीमती सीतारमण ने आज यहां केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तत्वावधान में काम करने वाली शीर्ष तस्करी विरोधी खुफिया जांच एजेंसी, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह में यह आह्वान किया।

इस अवसर पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ ही राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष विवेक जौहरी, डीआरआई के महानिदेशक मोहन कुमार सिंह के साथ बोर्ड के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसमें सीबीआईसी के पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों, डीआरआई के पूर्व महानिदेशकों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया और डीआरआई, सीबीआईसी, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और भारत सरकार के अन्यअधिकारियों के सैकड़ों उपस्थित लोगों की भागीदारी के साथ एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

वित्त मंत्री ने भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22 को भी जारी किया जिसमें सोने की तस्करी, मादक औषधियों (नारकोटिक्स ड्रग्स) और (साइकोट्रोपिक पदार्थों, वन्यजीवों, वाणिज्यिक धोखाधड़ी और अंतर्राष्ट्रीय प्रवर्तन संचालन और सहयोग जैसे रुझानों का विश्लेषण किया गया है।

सीतारमण ने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और उसके अधिकारियों को उनके प्रदर्शन और सराहनीय सेवा के लिए बधाई दी। वित्त मंत्री ने डीआरआई और उसके अधिकारियों की पेशेवर उत्कृष्टता की सराहना की और कहा कि डीआरआई ने बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रत्येक वर्ष अपने प्रदर्शन के स्तर में सुधार किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि डीआरआई के अनुकरणीय प्रदर्शन ने अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के लिए मानदंड को और ऊंचा कर दिया है।

# ऋषभ पंत की वनडे टीम से रिलीज पर केएल राहुल ने दी जानकारी

**ढाका ।** भारत के मध्य क्रम के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने खुलासा किया कि वह बांग्लादेश में भारत के वनडे टीम से ऋषभ पंत की रिलीज के कारणों से अनजान थे। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में पहले वनडे के टॉस के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा की थी कि पंत को अपने मेडिकल स्टाफ के परामर्श के बाद भारत की वनडे टीम से रिलीज किया गया था।

इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में बाएं हाथ का विकेटकीपर-बल्लेबाज हिस्सा क्यों नहीं लेंगे। इस पर विशेष विवरण का उल्लेख किए बिना, उनकी अनुपस्थिति में टीम द्वारा कोई विकल्प नहीं मांगा जाएगा।

उन्होंने कहा, जब ऋषभ पंत की बात आती है, तो मुझे समझ नहीं आता। मुझे उस समय ड्रेसिंग रूम में पता चला कि उन्हें बाहर कर दिया गया है। मुझे नहीं पता कि क्या कारण हैं, शायद मेडिकल टीम उस प्रश्न का उत्तर देने के लिए बेहतर स्थिति में हों।

राहुल ने भारत के लिए 70 गेंदों में 73 रनों का शीर्ष स्कोर बनाया, जबकि बाकी बल्लेबाजों ने 41.2 ओवरों में 186 रन बनाए। पांचवें नंबर पर आकर, वह स्पिनरों के लिए अलग-अलग उछाल और टर्न वाली मुश्किल पिच पर अपने साथियों की तुलना में अधिक अच्छे फॉर्म दिखे। भारत ने 186 के अपने बचाव में पहली ही गेंद पर एक विकेट लिया और 26 गेंदों के अंतराल में बांग्लादेश को 128/4 से 136/9 तक दिया। लेकिन मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 38 रन बनाए और 41 गेंदों पर 51 रनों की अटूट आखिरी विकेट की साझेदारी की, जिसमें मुस्तफिजुर रहमान 10 रन बनाकर नाबाद रहे और बांग्लादेश को चार ओवर शेष रहते एक विकेट से शानदार जीत दिलाई। भारत ने 186 रनों का बचाव करने के अंतिम छह ओवरों में मैच हाथ से गंवा दिया और क्योंकि वे दबाव में आ गए। राहुल द्वारा मेहदी का 15 रन कैच छोड़ दिया, क्षेत्ररक्षण चूक और ओवरथ्रो के अलावा खराब गेंदबाजी करने भारत का नुकसान हुआ। लेकिन राहुल ने मेहदी को एक शानदार जवाबी आक्रमणकारी पारी खेलने और जीत के लिए मैच को पलटने का श्रेय दिया।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपको आर्थिक लाभ होगा। सुख साधनों पर धन खर्च होगा। कुछ जातक के यात्रा के प्रबल योग हैं। व्यापारिक नई योजना आज शुरू हो सकती है। शारीरिक, कठिनाइयां देखने को मिल सकती है।

***वृष :*** आज मनचाहा जीवनसाथी मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। पुराने वादे पूरे करने का समय है। अपनी निजी जिन्दगी में दूसरों को दखल न दें। निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। मानसिक परेशानियों में कुछ कमी आ सकती है तथा आज प्रसन्न रहेंगे।

***मिथुन :*** अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। आज भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें। सुख साधनों पर धन खर्च होगा। व्यापारिक नई योजना आज शुरू हो सकती है। बहनों से विवाद हो सकता है।

***कर्क :*** आज आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी। यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है। लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगे। इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा।

***सिंह :*** प्रेम के नजरिए से आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अपने व्यवहार से परिजनों का दिल जीत लेंगे। परिवार में तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति कुछ बाधाओं के चलते अटक सकती है।

***कन्या :*** आज आप बड़े निर्णय को सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यवसाय में हानि होने की संभावना है, इसलिए सतर्क रहें। अगर आप अपना नजरिया आस-पास के ऐसे लोगों को बताएँ जो महत्वपूर्ण निर्णय लेते हों, तो आपको लाभ होगा।

***तुला :*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। प्रशासनिक अधिकारी आज सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। विवाह कार्यों में शामिल होंगे। समय रहते अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें। आज आपका स्वार्थी स्वभाव देखने को मिलेगा।

***वृश्चिक :*** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है। कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा। आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं यात्रा के योग हैं।

***धनु :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभ हो सकता है तथा नौकरी में उन्नति भी संभव है। आप व्यापार में मंदी से परेशान रहेंगे। पुराने पैसों का लेनदेन आज भी लंबित रहेगा।

***मकर :*** किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। रोजगार के अवसर विकसित होंगे। साझेदारी में लाभ होगा। मेहमानों आएंगे।

***कुंभ :*** राजनैतिक क्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी, अधिकारी पक्ष से सहयोग मिल सकता है। दूसरों के निजी मामलों में दखल न दें। अपने क्रोध पर अंकुश रखें।

***मीन :*** आज आप किसी खास व्यक्ति से मिल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी।

# कांतारा में गाने वराह रूपम की हुई वापसी

❑ **बैन हटने के बाद दर्शकों ने जताई खुशी**



ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद कुछ समय पहले ही ओटीटी पर रिलीज हुई है। हालांकि, दर्शक फिल्म में इसका गाना वराह रूपम न होने की वजह से थोड़े असंतुष्ट थे। दर्शकों के लिए अब खुशी का मौका है। कोर्ट ने वराह रूपम से बैन हटा लिया है और गाना फिल्म में वापस शामिल कर दिया गया है। इसे लेकर फिल्म के निर्माताओं के साथ-साथ दर्शक भी बेहद खुश हैं।

अक्टूबर में कोझिकोड की अदालत ने वराह रूपम को सिनेमाघरों समेत सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया था। केरल के बैंड थाइकुडम ब्रिज ने फिल्म के खिलाफ कॉपिराइट उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। बैंड के मुताबिक वराह रूपम और उनके गाने नवरसम में काफी समानता है। बैंड का गाना नवरसम 2015 में रिलीज हुआ था। इसपर निर्माताओं ने दलील दी थी कि दोनों गाने एक ही राग के हैं इसलिए समान लगते हैं।

ऋषभ शेट्टी ने ट्विटर पर गाने की वापसी को लेकर खुशी जाहिर की। सिर्फ निर्माता ही नहीं, दर्शक भी इसकी वापसी से खुश हैं। कुछ दर्शकों का तो यहां तक मानना है कि यह गाना ही फिल्म की आत्मा है। इसके बिना फिल्म अधूरी है। एक यूजर ने लिखा, यह गाना किसी आशीर्वाद से कम नहीं है।

# आयुष्मान को एन एक्शन हीरो से कई सारी उम्मीदें



बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की हालिया फिल्म एन एक्शन हीरो भले ही बॉक्स-ऑफिस पर अच्छी शुरूआत न कर पाई हो, लेकिन वर्ड ऑफ माउथ से फिल्म को थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं।

आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें बताया गया कि कैसे पहली बार कहानी सुनाने वालों ने फिल्म को एक साथ रखा है और यह दर्शकों के प्यार के लायक है।

नोट पर आयुष्मान और फिल्म के निर्माता आनंद एल राय ने हस्ताक्षर किए हैं। निर्देशक अनिरुद्ध, लेखक नीरज यादव, संगीतकार पराग की पहली नाट्य फिल्म और सिनेमैटोग्राफर कौशल शाह जैसी पहली बार प्रतिभाओं को फिल्म में शामिल करने के साथ हिंदी में इसकी शुरूआत होती है।

# नाश्ते में झटपट तैयार होगा सूजी का इंस्टेंट डोसा



सुबह ऑफिस जाने की जल्दबाजी में अगर आप अक्सर अपना नाश्ता स्किप कर देते हैं, तो हम आपको बताएंगे रवा डोसा की आसाना रेसिपी, जिसे मिनटों में तैयार कर आप अपना हेल्दी और टेस्टी नाश्ता एंजॉय कर सकते हैं।

**सामग्री :**

एक कप पोहा (भिगोया हुआ)
एक कप सूजी
एक चम्मच बेकिंग सोडा
1/4 कप दही
आवश्यकतानुसार तेल
स्वादानुसार नमक

**विधि :**

सबसे पहले सूजी, भिगोया हुआ पोहा, दही और नमक अच्छे से मिला लें।

अब इस मिश्रण को मिक्सर जार में डालकर इसमें थोड़ा पानी मिलाकर पीस लें।

इसके बाद इस बैटर को एक बर्तन में निकाल लें और अगर यह गाढ़ा लग रहा है, तो थोड़ा पानी मिलाकर इसके हल्का पतला कर लें।

अब इस बैटर में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे कुछ देर फुलने के लिए रख दें।

जब बैटर फुल जाए तो गैस पर तवे को रखें और चिकनाहट के लिए इसमें थोड़ा सा तेल लगाएं, घी या बटर लगाएं।

तवा गर्म होने पर इसमें बैटर डालकर इसे हल्के हाथों फैलाएं अच्छे से पकाएं।

अंत में इसे प्लेट में निकाल कर अपनी मनपसंद चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 273

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल



## सू-दोकू- 273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और ग्रीड में 1से9 अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.272 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |